हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 20 जुलाई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार:

- हरियाणा की गौशालाओं को पशुधन की देखरेख के लिए 820 ई रिक्शा मिलेंगे - मुख्यमंत्री ने उच्च अधिकार प्राप्त क्रय समिति की बैठक में 10 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से ई रिक्शा खरीद को अनुमति प्रदान की।
- गुरूग्राम के गांव बसई में 1000 मेगा लिटर प्रतिदिन क्षमता का दूसरा जल घर बनाने के लिए स्वीकृति मिली।
- हरियाणा के नूंह जिले के तीन स्वास्थ्य उपकेंद्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड किया जाएगा।
- हरियाणा में उच्च गुणवत्ता के फ्रोजन सीमन के सुरक्षित भंडारण हेतु तरल नाइट्रोजन की निर्बाध आपूर्ति के लिए दर अनुबंध को मंजूरी दी गई।
- मौसम विभाग ने अगले 48-72 घंटों के दौरान पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में मॉनसून के सक्रिय रहने की संभावना जताई। 22 जुलाई तक बारिश का दौर चरम पर पहुँचने की उम्मीद।

**********

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज चण्डीग में हुई उच्च अधिकार प्राप्त क्रय समिति की बैठक में 10 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से ई रिक्शा खरीद को अनुमति प्रदान की गई। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कैथल शहर की विभिन्न कॉलोनियों में 12 करोड़ 87 लाख रुपए की लागत से

सीवरेज लाइन बिछाने और फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण में 10 मेगा लिटर प्रति दिन क्षमता के 5 रैनीवैल ट्यूबवैल लगाए जाने को भी स्वीकृति प्रदान की। गांव मंझावली, मोठूका के आसपास यमुना नदी के जलभराव वाले क्षेत्रों में लगने वाले इन रैनीवैल ट्यूबवैल पर लगभग 164 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

मुख्यमंत्री ने गुरूग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के गांव बसई में 1000 मेगा लिटर प्रतिदिन क्षमता का दूसरा जल घर बनाने को भी स्वीकृति प्रदान की। इसके निर्माण पर लगभग 149 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की गौशालाओं को पशुधन की देखरेख के लिए 820 ई रिक्शा उपलब्ध करवाई जाएंगी। योजना अनुसार एक हजार तक पशु रखने वाली गौशालाओं को एक तथा इससे अधिक गायों को रखने वाली गौशालाओं को दो ई-रिक्शा उपलब्ध करवाई जाएंगी।

उन्होंने कहा कि खेदड़ में अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र को अपग्रेड करने एवं आरसीसी टैंक का निर्माण करने की भी मंजूरी दी गई है। इस कार्य पर लगभग 27 करोड़ 70 लाख रुपए खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की देरी व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज जालंधर के नकोदर में अलमस्त बापू लाल बादशाह जी के दरबार में आयोजित 43वें वार्षिक तीन-दिवसीय मेले को संबोधित किया। इस अवसर पर अलमस्त बापू लाल बादशाह दरगाह के गद्दी नशीन श्री हंस राज हंस भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अलमस्त बापू लाल बादशाह जी का जीवन प्रेम, भाईचारे, मानवता और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है।

पंजाब और हरियाणा को लेकर श्री हंस राज हंस से हुई बातचीत का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भले ही पंजाब और हरियाणा दो अलग-अलग राज्य हैं, लेकिन उनकी सांस्कृतिक विरासत, गुरु परंपरा और सामाजिक संबंध एक

जैसे हैं। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार  गरीबों, जरूरतमंदों और वंचितों के लाभ के लिए कई जन-कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने पंजाब की तरक्की की भी कामना की।

**********

हरियाणा के नूंह जिले के तीन स्वास्थ्य उपकेंद्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है।

जिन स्वास्थ्य उपकेंद्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड किया जाएगा, उनमें लूहिंगा कलां, चंदेनी  तथा शाह चोखा शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इन केंद्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित होने से आसपास के हजारों ग्रामीण नागरिकों को अपने क्षेत्र में ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा उपचार के लिए दूर के अस्पतालों पर उनकी निर्भरता कम होगी।

**********

आज चंडीगढ़ में हरियाणा पशुपालन एवं डेयरी विभाग की उच्च स्तरीय खरीद समिति  की पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में हुई बैठक में , उच्च गुणवत्ता के फ्रोजन सीमन के सुरक्षित भंडारण हेतु तरल नाइट्रोजन की निर्बाध आपूर्ति के लिए अगले 2 वर्ष के लिए दर अनुबंध को मंजूरी दी गई।

पशुपालन मंत्री ने बताया कि पशुधन के आनुवंशिक सुधार के लिए यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि इससे निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तरल नाइट्रोजन की समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि तरल नाइट्रोजन की निर्बाध उपलब्धता से राज्य में कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रमों को गति मिलेगी। इसका सीधा लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों को होगा।

**********

मौसम विभाग के चंडीगढ़ कार्यालय ने कहा है कि अगले 48-72 घंटों के दौरान पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में मॉनसून के सक्रिय रहने की संभावना है।

विभाग के अनुसार बारिश का दौर 20 से 22 जुलाई के बीच अपने चरम पर पहुंचने की उम्मीद है, जिससे पूरे क्षेत्र में व्यापक बारिश होगी। इस दौरान हालांकि कुछ जगह बारिश हल्की से मध्यम रहेगी, वहीं पंजाब और हरियाणा के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में कुछ जगहों पर भारी से बहुत भारी, 12 सेमी से अधिक बारिश होने की संभावना है। मानसून के इस दौर को देखते हुए, उचित सावधानी और सुरक्षा उपाय करने की सलाह दी गई है।

मौसम विभाग ने कहा है कि पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 23 तारीख को भी कई जगहों पर और उसके बाद कुछ जगहों पर बारिश होने की संभावना है।23 जुलाई को कुछ जगहों पर बहुत भारी बारिश होने का अनुमान भी लगाया गया है।

**********

हरियाणा सरकार के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल के गांव फ़िरोज़पुर में गौशाला का शिलान्यास किया।

श्री गौरव गौतम ने कहा कि गौशाला का निर्माण केवल एक भवन का निर्माण नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, सेवा, संवेदनशीलता और गौ संरक्षण के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस गौशाला के निर्माण से गौवंश को सुरक्षित आश्रय मिलेगा, उनके संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीण समाज को भी इसका व्यापक लाभ प्राप्त होगा।

**********

कुरुक्षेत्र शहर के वार्ड नंबर-4 स्थित गांधीनगर क्षेत्र में लगातार हो रहे सीवर ओवरफ्लो के कारण लोग परेशान हैं। बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर हो गए हैं।

वार्ड पार्षद कमल किशोर ने बताया कि सीवर ओवरफ्लो की शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों को दी गई किन्तु कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से सरकार की छवि खराब हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द प्रभावी कार्रवाई कर सीवरेज समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है।

**********

रोजगार विभाग फरीदाबाद जिले में 21 से 24 जुलाई तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को उनकी योग्यता, रुचि तथा बदलते रोजगार परिदृश्य के अनुरूप करियर चुनने के लिए सही मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में 22 जुलाई को बल्लभगढ़ उपमंडल रोजगार कार्यालय की ओर से चंदावली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विशेष व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़खल की सहायक रोजगार अधिकारी डॉ. नेहा सिंह मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और स्वरोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी देंगी।

**********